श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
23.01.2025
माघ कृष्णपक्ष नवमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 151

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:36 बजे

**तापमान**
अधिकतम :27 डिग्री से.
न्यूनतम :13 डिग्री से.


# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com




साईबर फ्रॉड से बचने के लिये 1930 पर कॉल करें : एसपी >> पेज 03 व्हीलचेयर पर दिखीं रश्मिका मंदाना >> पेज 04

**सुविचार**

कुछ चीजें जिंदगी बदल देती हैं, चाहे वे मिलें या न मिलें।

**न्यूज अपडेट्स**

### लातेहार में मुठभेड़, नक्सली को लगी गोली

**लातेहार।** लातेहार - लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित सेमरखाड़ के पास मंगलवार की देर रात पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली लगी। जबकि अन्य नक्सली अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। घटना के बाद बुधवार की सुबह पुलिस ने घटनास्थल पर सर्च अभियान चलाकर एक हथियार बरामद किया है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के सेमरखाड़ गांव के निकट जंगल में जेजेएमपी नक्सलियों का एक दस्ता जमा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस की टीम छापामारी अभियान चलाते हुए जंगल में पहुंची। लेकिन पुलिस को देखकर नक्सलियों ने फायरिंग आरंभ कर दिया जबाव में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान एक नक्सली को गोली लगी इसके बाद अन्य नक्सली जंगल और अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी ने कहा कि पुलिस के द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटना के विस्तृत जानकारी सर्च अभियान के बाद दी जाएगी।


**रेलवे में घोटाला** टिकट के पैसे के घोटाले की लंबी फेहरिस्त. दो दर्जन स्टेशनों में हुआ घोटाला

# सबसे अधिक बरकाकाना तो सबसे कम डालटनगंज में राशि को लगाया ठिकाना

**बाईकर द्वारा बड़े इत्मीनान से हर माह रेलवे को लगाया चूना, रेलवे और एसबीआई को नहीं लगी भनक**

**रेलवे और एसबीआई दोनों के अधिकारियों की कार्यशैली के साथ उनकी मंशा पर खड़े हो रहे सवाल**

नीलू चौबे



**श्री बंशीधर नगर :** रेलवे में टिकट के पैसे के घोटाले की लंबी फेहरिस्त है। सूत्रों के मुताबिक एसबीआई की ओर से अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर (कर्मियों) ने धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना से लेकर सिंगरौली तक लगभग दो दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशनों में करोड़ों रुपये का घोटाला किया है। सबसे अधिक घोटाला बरकाकाना और सबसे कम डालटनगंज रेलवे स्टेशन में होने की खबर है। रेल सूत्रों के मुताबिक एसबीआई की ओर से अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के बाईकर के द्वारा वर्ष 2023 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर तक धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना से लेकर सिंगरौली तक दो दर्जन से अधिक रेलवे स्टेशनों यथा बरकाकाना, पतरातू, लातेहार, कुमंडीह, छिपादोहर, बरवाडीह, डालटनगंज, गढ़वा रोड, नगर उंटारी, विंढमगंज, दुद्धी, रेणुकूट, शक्तिनगर, अनपरा व सिंगरौली समेत कई स्टेशनों में करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। सबसे दिलचस्प बात है कि बाईकर के द्वारा लगातार टिकट बिक्री की राशि की हेराफेरी की जाती रही, इसके बावजूद रेलवे या एसबीआई दोनों में से किसी के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब रेलवे के लेखा जोखा विभाग के द्वारा नियमित रूप से खाते की जांच की गई तो सबके कान खड़े हो गये। बाईकर द्वारा बड़े इत्मीनान से प्रतिमाह रेलवे को चूना लगाते रहने और रेलवे व एसबीआई के अधिकारियों को इसकी भनक नहीं लगने से रेलवे और एसबीआई दोनों के अधिकारियों की कार्यशैली के साथ उनकी मंशा पर बहुत बड़ा सवाल खड़ा करता है।

**क्या कहते हैं एसपी**

टिकट की राशि के घोटाले के विषय में जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि स्टेशन प्रबंधक के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि मामले में स्टेशन में कार्यरत रेलवे कर्मचारियों से पूछताछ की गई है। जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## बोकारो में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर, 15 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में पुलिस और भाकपा माओवादी नक्सलियों के बीच बुधवार को मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों की पहचान 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो की पत्नी शांति देवी और मनोज टुडू के रूप में हुई है। दोनों गिरिडीह जिले के रहने वाले थे। डीजीपी के निर्देश पर पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी दौरान पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि माओवादी का रिजनल कमेटी मेंबर 15 लाख का इनामी रणविजय महतो अपने दस्ते से मिलने आने वाला है। दस्ते में साहेब राम मांझी, मनोज टुडू, शांति देवी, अरविन्द यादव और अन्य नक्सली शामिल हैं। वह पारसनाथ से बोकारो जिले के विवेक जो झुमरा और लुगु पहाड़ में भ्रमणशील है, से मिलने आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू कर दी। इसी क्रम में 15 लाख के इनामी नक्सली रणविजय महतो को गिरफ्तार कर लिया गया। रांची से गई पुलिस की टीम ने बोकारो के चंद्रपुरा बीएड कॉलेज मोड़ से उसे पकड़ा था। खुफिया एजेंसी और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। रणविजय महतो नक्सली संगठन में जोनल कमांडर रैंक का है। उसपर 15 लाख का इनाम है। वह वेश बदलकर चंद्रपुरा की ओर जा रहा था।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बोकारो में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दोनों दस्ता आपस में मिलने के बाद बड़ी घटना का अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रणविजय महतो को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ के क्रम में पता चला कि दस्ते में शामिल साहेबराम मांझी, अरविन्द यादव, शांति देवी, मनोज टुडू एवं अन्य सदस्यों के पेक नारायणपुर थाना क्षेत्र के वंशी और जड़वा गांव पहाड़ी क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। इसके बाद पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो नक्सली मारे गए। इनके पास से दो राइफल और एक एके 47 रायफल , 507 गोली, मैगजीन सहित अन्य सामान बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि पूरी टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोकारो जिला नक्सल मुक्त हो गया है। झारखंड को मार्च 2025 तक नक्सल मुक्त करने के लक्ष्य को लेकर झारखंड पुलिस काम कर रही है। डीजीपी ने नक्सलियों से अपील की कि वह नक्सलवाद की राह को छोड़ मुख्यधारा मे आएं और सम्मानजनक जीवन जिये। आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस की इंटेलिजेन्स काफी उन्नत हो गई है। इस कारण हम नक्सली की गतिविधियों की सर्विलांस और टैकिंग कर हर गतिविधि पर नजर बनाए रखें है। झारखंड में नक्सली अपनी आखिरी सांसे ले रहा है मुश्किल से राज्य में सौ नक्सली रह गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईजी अभियान एवी होमकर, आईजी बोकारो माइकल राज एस, डीआईजी बोकारो सुरेंद्र झा और बोकारो एसपी शामिल थे।

**पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह में हुआ बड़ा हादसा**

## एक ट्रेन से कूदे, दूसरे की चपेट में आये, 16 की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में परधाड़े स्टेशन के पास बुधवार शाम पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह में एक-एक चार 40 यात्री जान बचाने के लिए, ट्रेन से कूद गये और दूसरी ओर से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आने से 16 यात्रियों की मौत हो गयी। 20 लोगों का इलाज जलगांव सिविल अस्पताल में हो रहा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है। घटनास्थल पर रेलवे प्रशासन, जिला प्रशासन और ग्रामीण मिलकर राहत और बचाव काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस समय दावोस दौरे पर हैं। वहां से उन्होंने मीडिया को बताया कि जलगांव में हुआ रेल हादसा बहुत दुखदायक है। मैंने जिलाधिकारी से बात की है और मौके पर मंत्री गिरीश महाजन पहुंचे हैं। मौके पर रेलवे, जिला प्रशासन आपस में समन्वय रखकर राहत और बचाव कर रहे हैं।

जिले के अधिकारी भूषण अहिरे ने बताया कि बुधवार को करीब सवा पांच बजे लखनऊ से मुंबई आ रही पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से 40 यात्री ट्रेन से कूद गए। उसी समय पुष्पक एक्सप्रेस से कूदे यात्री मुंबई से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में अब तक 16 यात्रियों के शव बरामद किए गए हैं जबकि 20 घायल लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना से इस रूट पर सेवा प्रभावित हो गई थी लेकिन अब रेलवे सेवा पूर्ववत हो गई है। पुष्पक एक्सप्रेस को भी मुंबई की ओर रवाना कर दिया गया है।

## राजस्व कर्मचारी के चार ठिकानों पर एसीबी की छापेमारी

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में बुधवार की सुबह से नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के मोरहाबादी के रामकृष्ण मिशन के पास स्थित आवास, नामकुम सीओ ऑफिस और गुमला के घाघरा में स्थित आवास पर छापेमारी कर रही है। इसके अलावा बिहार के औरंगाबाद में भी छापेमारी चल रही है। टीम ने कई कागजात जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम ने मुंशी राम के करीबी नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी सह उपनिरीक्षक राजेश कुमार के रांची, गुमला और बिहार के औरंगाबाद स्थित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। रांची के टैगोर हिल रोड स्थित अनन्या अपार्टमेंट के पहले माले में राजेश कुमार के आवास पर छापेमारी जारी है। मामले की जांच के दौरान राजेश कुमार की संलिप्तता भी मुंशी राम से जुड़े भ्रष्टाचार में सामने आई थी। इसके बाद बुधवार की सुबह से ही एसीबी टीम एक साथ रांची, गुमला और औरंगाबाद में छापेमारी कर रही है। एसीबी एसपी ने बताया कि चार स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

# लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है उद्देश्य : एसडीपीओ



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में बुधवार को पुलिस की ओर तीनों अनुमंडलों में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें गढ़वा में नीलांबर नगर भवन, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में एसडीपीओ कार्यालय एवं रंका अनुमंडल में रंका थाना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वा अनुमंडल में 65, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में 48 एवं रंका अनुमंडल में 28 समेत कुल 141 लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिये। इनमें 33 मामलों का आन स्पाट निष्पादन किया गया। इससे पूर्व गढ़वा नगर भवन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का एसडीपीओ नीरज कुमार, सीओ सफी आलम, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर सह गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार एवं इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया। मौके पर एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार पूरे राज्य में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उसका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याओं को लेकर इस कार्यक्रम में आवेदन दें। सभी की समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मौके पर मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत, बरडीहा थाना प्रभारी आरके सिंह, गढ़वा महिला थाना प्रभारी अलिशा कुमारी समेत गढ़वा अनुमंडल के विभिन्न थाना, ओपी आदि के प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### धुरकी में अंतरराज्यीय कॉन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह आज

**धुरकी :** प्रखंड सहित सभी इलाकों में सामाजिक बदलाव और कुरीतियों को समाप्त कर समाज में परिवर्तन लाने के लिये 23 जनवरी को अंतरराज्यीय कॉन्फ्रेंस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुये सोशल चेंजिंग मिशन के सचिव मुमताज अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आज के इस युग में किसी भी समझ में फैली कुरीतियों व बुराईयों को समाप्त कर समाज में एक अच्छा संदेश का मिशाल पेश रखना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व उद्घाटन कर्ता झामुमो नेता ताहिर अंसारी होंगे। मंच का संचालन तबीब आलम करेंगे। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि डॉ यासीन अंसारी, दीपक प्रताप देव, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, धुरकी सीओ जुल्फिकार अंसारी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान गरीब व असहायों के बीच कंबल का भी वितरण किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हाजी सदर जान मोहम्मद अंसारी, हाजी इस्माइल अंसारी, साबिर अंसारी, अजय राम, मुद्रिका यादव, जाबिर अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

### रखी डीहवार मंदिर की नींव

**केतार :** प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के परती गांव में समाजसेवी पंकज सिंह ने डीहवार बाबा के मंदिर निर्माण का शुभारंभ नींव खुदाई कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी ने कहा कि इस गांव के आदिवासी समुदाय के लोगों का मांग बडका आंगना के समीप डीहवार बाबा का मंदिर का निर्माण करना था। उन्होंने अपने निजी खर्च से मंदिर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। इस मंदिर निर्माण की कुल लागत लगभग 1.5 लाख रुपये है। पंकज सिंह ने कहा कि प्रखंड के लोगों का सहयोग करने के लिये वे हर सम्भव तैयार हैं।

## निरीक्षण ▶ केंद्रीय मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

# अस्पताल व स्कूलों का निरीक्षण, कई निर्देश

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बुधवार को जिले के विभिन्न स्थानों का दौरा कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरे के क्रम में मंत्री ने विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारियों से महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

### विद्यालय का दौरा

दौरे की शुरूआत मंत्री ने गढ़वा के सीएम विद्यालय सह बालिका उच्च विद्यालय से की। यहां बच्चों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्हें तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर सम्मानित किया। मंत्री ने भारत मां और डॉ भीमराव अंबेडकर की



तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद उन्होंने विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों से संवाद किया। मंत्री ने बच्चों को उच्च शिक्षा के महत्व को समझाया और सरकार की योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूल की लैब, स्मार्ट कक्षाओं और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

### अंचल कार्यालय में बैठक

इसके बाद मंत्री अंचल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जनता को मिलने वाले लाभ पर चर्चा की।

### जेएसएलपीएस स्टॉल का निरीक्षण

मंत्री ने झारखंड राज्य आजीविका प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) के तहत संचालित स्टॉल का निरीक्षण किया। यहां स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने बताया कि वे पलाश मार्ट योजना के तहत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि योजना से उन्हें रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं। मंत्री ने दीदियों की मेहनत की सराहना की।

### सदर अस्पताल का निरीक्षण

सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और इलाज में किसी प्रकार की समस्या के बारे में पूछा। एक मरीज ने सांस लेने में दिक्कत की शिकायत की और बताया कि उसे ऑक्सीजन नहीं मिला है। इस पर मंत्री नाराज हो गये और चिकित्सकों से जवाब मांगा। अस्पताल की इस लापरवाही पर मंत्री ने डीसी से नाराजगी जताई, जिसके बाद डीसी ने सिविल सर्जन और डीएस को फटकार लगाई। हालांकि लेबर वार्ड का निरीक्षण करते हुये मंत्री वहां की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। मंत्री बीएल वर्मा ने दौरे के अंत में कहा कि आकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिये सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध है। उस मौके पर कई अधिकारी मौजूद थे।

# झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कई मंत्रियों से की मुलाकात, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

बंशीधर न्यूज

**रमना :** केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य व झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने क्षेत्र की विभिन्नि समस्याओं के समाधान को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई मंत्रियों से मुलाकात की। इस संबंध में ताहिर अंसारी ने बताया कि सीएम हेमंत सोरेन सहित मंत्री राधाकृष्ण किशोर, दीपिका पांडेय, इरफान अंसारी, योगेन्द्र



यादव, संजय यादव सहित कई मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर भवनाथपुर विस क्षेत्र की समस्यायों से अवगत कराते हुये सामाधान कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के साथ क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिये हम लोग लगातार पहल करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल संरक्षण और सिंचाई के साधनों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। ताकि स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन एवं सभी मंत्रियों ने समस्या के समाधान पर सकारात्मक पहल करने की बातें कही है। ताहिर ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन एवं अन्य मंत्रियों को भी भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र आने का आग्रह किया गया है। मौके पर झामुमो के धर्मराज पासवान, आलम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हाल स्कूल का : हाकिम मेहरबान तो प्रिंसिपल पहलवान

# जोर अतिरिक्त कक्षाओं पर लेकिन नियमित कक्षाएं भी बाधित

बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** राजकीयकृत प्लस टू हाईस्कूल में प्रिंसिपल का प्रभार बदलने पर व्यापक बदलाव दिखाई दे रहा है। टिफिन के बाद छात्र स्कूल से गायब रह रहे हैं। जबकि नये प्रभारी प्रिंसिपल ऑफिस में शिक्षकों के साथ समोसा पार्टी कर रहे हैं। स्कूल का यह हाल बुधवार को स्कूल कार्यावधि की है। जानकारी के अनुसार स्कूल में शिक्षण कार्यावधि प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है। 12 बजकर 20 मिनट पर टिफिन का समय निर्धारित है। बुधवार को स्कूल में जो दिखाई दिया उससे स्पष्ट है कि टिफिन के बाद स्कूल में एक भी छात्र नहीं रहते हैं। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के बजाय ऑफिस में आपस में गप्पे लड़ाते हैं और पार्टी करते हैं। बताया गया है कि फिलहाल स्कूल में दसवीं व बारहवीं कक्षा के छात्रों का मॉडल टेस्ट चल रहा है। टेस्ट का समय सुबह 10 बजे से 1 बजे तक का है। ग्यारहवीं कक्षा के दोनों संकाय आर्ट्स व साइंस के छात्रों को तीन बजे तक पढ़ाना है। लेकिन बुधवार को स्कूल में टिफिन के बाद ग्यारहवीं कक्षा का कोई छात्र नहीं था। जबकि उन्हें तीन बजे तक पढ़ाना था। 1 बजकर 20 मिनट पर स्कूल की सभी कक्षाएं खाली थी। प्रिंसिपल समेत सारे शिक्षक ऑफिस में आपस में गप्पें लड़ाते हुये समोसे का आनंद ले



रहे थे। प्रिंसिपल स्कूल में थे लेकिन उन्हें यह भी मालूम नहीं था कि कक्षा में छात्र हैं या कक्षा खाली है। प्रिंसिपल दिलीप उपाध्याय ने बताया कि अभी स्कूल में 10 बजे से 1 बजे तक परीक्षा चल रही है। इसलिये छात्र परीक्षा देकर घर चले गये हैं। ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों के विषय में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि छात्र कक्षा में ही होंगे। मजे की बात है कि स्कूल में रहने के बावजूद उन्हें पता नहीं था कि स्कूल के सारे कमरे खाली हैं। स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रों के कक्षा में होने संबंधी दावा बड़े भोले अंदाज में किया लेकिन उन्हें शायद इस बात का तनिक भी इल्म नहीं है कि उनके विभाग का जोर बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने की है। विभाग ने बाकायदा इसके लिये विगत 8 जनवरी को पत्र प्रेषित कर सुस्पष्ट निर्देश भी जारी किया है। लेकिन प्लस टू हाईस्कूल भवनाथपुर में अतिरिक्त कक्षा की कौन कहे, नियमित कक्षाएं भी नहीं चल रही है। स्कूल में विभागीय सचिव के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है, ऐसा इसलिये हो रहा है क्योंकि मौजूदा प्रिंसिपल पर जिला के बड़े हाकिम मेहरबान हैं। मतलब हाकिम मेहरबान तो प्रिंसिपल पहलवान हैं। मेहरबानी का कारण क्या हो सकता है इससे सभी वाकिफ हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि स्कूल में पिछले कई महीनों से शिक्षकों के बीच जारी आपसी गतिरोध को देखते हुये डीईओ ने प्रिंसिपल अंकित त्रिवेदी को हटाकर दिलीप उपाध्याय को प्रभारी प्रिंसिपल का प्रभार दिया है। लेकिन दिलीप उपाध्याय को प्रभार मिलने के बाद अराजकता बढ़ गई है। स्कूल का सारा सिस्टम बेपटरी हो गया है। फिलहाल पर्दे के पीछे से अपने स्वार्थ पूर्ति के लिये गुटबाजी को हवा देनेवाले शिक्षकों की अब चांदी है। प्रभार बदलने के बाद खुली हवा में सांस लेने वाले शिक्षक अब तो छात्रों को पढ़ाने के बजाय गप्पे लड़ाने और समोसा पार्टी में समय व्यतीत कर रहे हैं।

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा :** थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी हसीब खान की पत्नी शौषण खातून 25 वर्ष ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास की। उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच आपस में विवाद उत्पन हुआ था। उसी बात से उग्र होकर महिला ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिये सदर अस्पताल में लाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर रोजगार सेवक को हटाने की मांग की

**मेराल :** प्रखंड के पढ़ुआ पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर रोजगार सेवक पर मनरेगा व अबुआ आवास में भारी गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुये पंचायत से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोजगार सेवक आशीष पांडेय का व्यवहार ग्रामीण जनता से मधुर नहीं है। वे तीन साल से अधिक समय से पंचायत में जमे रहने के बावजूद क्षेत्र में नहीं आते हैं तथा मनरेगा के मास्टर रोल एमआईएस करने में 5 प्रतिशत का रिश्वत मांगते हैं। रोजगार सेवक द्वारा ग्रामीणों पर दबाव बनाया जाता है कि 5 प्रतिशत कमीशन नहीं दीजियेगा तो मजदूरी का भुगतान नहीं होगा। इनके वजह से मनरेगा का कार्य अवरूद्ध हो रहा है। ग्रामीणों को किसी जरूरी कार्य के लिये गढ़वा बुलाया जाता है। आवेदन पर छोटन कुमार, उपेंद्र ठाकुर सहित करीब 100 ग्रामीण ने हस्ताक्षर किये हैं।

### मारपीट में दो घायल

**गढ़वा :** रमना थाना क्षेत्र के सपही गांव में दोस्त मोहम्मद का पुत्र तस्लीम अंसारी एवं उसकी पुत्री शबाना खातून 5 वर्ष मारपीट की घटना में घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल तस्लीम अंसारी को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में तस्लीम अंसारी ने बताया कि आजमा बीबी जंगल से लकड़ी लेकर अपने घर आ रही थी। इसी दौरान उसके 5 वर्षीय पुत्री शबाना खातून उसके शरीर में सट गई। इसी बात से आक्रोशित होकर आजम बीबी ने लकड़ी का बोझा उसी के ऊपर फेंक दिया। परिजनों के द्वारा जब इसका विरोध किया तो सलीम अंसारी, हकीम अंसारी, मोहम्मद अंसारी, शहादत अंसारी आदि ने तस्लीम अंसारी के साथ मारपीट कर दिया। घटना के बाद तस्लीम अंसारी को रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### छोटू रंगसाज हत्या मामले में दो गिरफ्तार



**गढ़वा :** गढ़वा बाजार समिति के गेट संख्या दो के पास जमीनी विवाद में दो गुटों के बीच हुये खूनी संघर्ष में छोटू रंगसाज नामक व्यक्ति की हत्या के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों में प्यारे हसन अंसारी एवं कौसर अंसारी के नाम शामिल हैं। घटना के बाद एसपी दीपक कुमार पांडेय द्वारा एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। उसके बाद उक्त घटना में ही घायल कौसर अंसारी एवं प्यारे हसन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार दो गुटों के बीच हुई मारपीट के दौरान छोटू रंगसाज के हत्या के बाद लोगों के द्वारा दोनों के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें उक्त दोनों घायल हो गये थे। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां से दोनों के ठीक होने के बाद पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### पलामू एसपी रीष्मा रमेशन 25 को होंगी सम्मानित



**मेदिनीनगर :** लोकसभा और विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान उत्कृष्ट सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। वह राज्य से यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली एकमात्र पुलिस अधीक्षक हैं। उनके नेतृत्व क्षमता और कर्तव्य के प्रति समर्पण ने चुनाव प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष बनाने में अहम भूमिका निभाई। इन्हें 25 जनवरी को महामहिम राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत विशेष कैंपों का आयोजन किया गया। शहर थाना परिसर समेत जिले के सभी अनुमंडल स्थित थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन आईजी सुनील भास्कर ने किया। इस अवसर पर एसपी रीष्मा रमेशन, एएसपी ऑपरेशन राकेश सिंह, एएसपी दिव्यांश शुक्ला, एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, सदर सीओ अमरदीप बलहोत्रा समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। सभी अनुमंडलों में जहां भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, वहां संबंधित क्षेत्र के एसडीपीओ के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# एआरडी में मनायी गयी भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ




**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** अवध राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर स्कूली बच्चों द्वारा भगवान राम, सीता व लक्ष्मण के वनवासी रूपों को दशार्या गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्य आणिमा पांडेय ने भगवान राम की आरती वंदना से किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर निदेशक पीके दुबे ने कहा कि स्कूली बच्चों का यह रूप देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि त्रेता युग का बनवासी राम, लक्ष्मण व सीता आज साक्षात इस धरा पर उतर आये हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में इस तरह का आध्यात्मिक कार्यक्रम अपने आप में एक उदाहरण है। जहां संस्कार विलुप्त होते जा रहा है और चंद स्वार्थी लोग जाति व धर्म के नाम पर आपसी विभेद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी तरह का पूजा स्थल हमारा पौराणिक व आध्यात्मिक धरोहर है। इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। प्राचार्या अनिमा पांडेय ने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का प्रतीक है। आज का कार्यक्रम उसी को दशार्ता है। हमें भगवान राम के चरित्र को आत्मसार करने की आवश्यकता है। विद्यालय की केजी की छात्रा शाना फातमा, शाहिना गुलशन व कृति रानी के द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण व माता सीता के बनवासी रूपों की अनुपम छंटा को बड़े ही मनमोहक तरीकों से दशार्या गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गुनगुन चौबे ने किया। मौके पर शिक्षिका नीतू दूबे, रागिनी कुमारी, नीतू कुमारी, विभा कुमारी, जागृति कुमारी, संजना कुमारी, काजल कुमारी, लाडली खातून, गुलाम सरवर अंसारी, राजीव कुमार दूबे, राजेश कुमार ठाकुर, राजीव कुमार दूबे, आदर्श कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### झंडोतोलन का समय निर्धारित

**भवनाथपुर :** गणतंत्र दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से झंडोतोलन का समय निर्धारित किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 9 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे 9.50, वन क्षेत्र कार्यालय 10 बजे, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय 10.05, थाना परिसर 10.10, कपूर्री चौक 10.30, उच्च विद्यालय 10.35, बुनियादी विद्यालय 10.45, प्रखंड शिक्षा प्रसार कार्यालय 10.50, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय 11.05, कस्तूरबा विद्यालय 11.20, सभी पंचायत सचिवालय में 9.30 मे झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर सभी प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनीतिक पाटी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में मनाई जायेगी सरस्वती पूजा

**गढ़वा :** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर विश्वविद्यालय में बैठक की गई। बैठक में बीडीएसयू सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का चुनाव किया गया। जिसमें डॉ अरविंद कुमार सिंह को अध्यक्ष, डॉ अमित मिश्रा को सचिव एवं राकेश कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## पुलिस ▶ जनशिकायत समाधान कार्यक्रम में एसपी ने कहा

# साईबर फ्रॉड से बचने के लिये 1930 पर कॉल करें

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** एसडीपीओ कार्यालय के परिसर में बुधवार को पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों से संबंधित 41 आवेदन प्राप्त हुये। श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र से 8, खरौंधी थाना क्षेत्र से 2, रमना थाना से 4, विशनपुरा थाना क्षेत्र से 8, धुरकी थाना से 3, भवनाथपुर थाना से 4, हरिहरपुर ओपी से 2 और केतार थाना से 5 आवेदन प्राप्त हुये। कार्यक्रम में मौजूद एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार गढ़वा पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में अधिकतर आवेदन भूमि से संबंधित तथा विविध




से संबंधित आये हैं। जिसे जांच के लिये थाना क्षेत्र के विभागीय पदाधिकारी और थाना प्रभारी को जांच कर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस जन शिकायत कार्यक्रम में पुलिस से संबंधित मामलों पर त्वरित कार्य किया जा रहा है तथा पुराने मामलों पर त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जमीन से संबंधित मामले जो आये हैं उस मामले को अंचल अधिकारी के पास भेजा जायेगा। पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि बढ़ते वाहन दुर्घटना को रोका जा सके। दोपहिया वाहन चलाते समय ट्रिपल लोडिंग नहीं चले, दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहन कर चलाएं तथा ट्रैफिक रूल का पालन करें। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले साईबर फ्रॉड का मामला श्री बंशीधर नगर में हुआ था। साईबर फ्रॉड के माध्यम से बंशीधर नगर के अंडा व्यवसायी के द्वारा एक अनोन लिंक पर क्लिक करने से उनके बैंक खाते से नौ लाख से अधिक रुपये कट गये। उसके बाद अंडा व्यवसायी तस्लीम खान के द्वारा 1930 पर कॉल करके कंप्लेन दर्ज कराया गया था। साथ ही साथ नगर ऊंटारी थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराया गया है। पुलिस प्रशासन की तत्परता से जिस बैंक खाते में पैसा गया था उस खाते को ब्लॉक कर दिया गया। जिससे कि वह पैसा नहीं निकल सके। पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्यवाई करते हुये अंडा व्यवसायी तस्लीम खान के खाते में 9 लाख से अधिक पैसा को वापस कर दिया गया। जिसके द्वारा यह फ्रॉड किया गया था उसकी जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अनोन लिंक पर क्लिक न करें, किसी प्रकार के लोन तथा लॉटरी जैसे मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें। साईबर फ्रॉड से बचने के लिये 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की जनसुनवाई हो सके इसके लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह व भवनाथपुर के पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक व महिला थाना प्रभारी रूक्मिणी कुमारी, धुरकी थाना के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना के आकाश सिंह, विशुनपुरा के राहुल सिंह, भवनाथपुर के रजनी रंजन, केतार के अरूण कुमार रवानी, खरौंधी के रवि कुमार केसरी तथा हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी व पुलिस पदाधिकारी वीरेन्द्र चौड़े, कार्यालय के निशाल कोंगड़ी, आरक्षी अमित कुमार, राजेश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य में नहीं किये गये सुधार, ग्रामीणों में आक्रोश

**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** उंटारी प्रखंड के कुल्ही गांव में बन रहा आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों की शिकायत पर बीडीओ श्रवण भगत ने एकरारनामा के अनुसार ढलाई कराने का आदेश दिया था। बावजूद उनके आदेशों को अनदेखी कर ढलाई करवा दिया गया। इसको लेकर वहां के लोगों में भारी आक्रोश है। उधर बीडीओ ने भी आदेश का उल्लंघन कर



निर्माण कार्य कराने को लेकर इसकी शिकायत जिले के अधिकारियों से करने की बातें कही है। ताकि संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई हो सके। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जब बीडीओ श्रवण भगत जांच में पहुंचे तो पाया कि कार्यस्थल पर योजना से सम्बंधित कोई बोर्ड नहीं लगा है। वहीं ढलाई में प्रयुक्त किया जा रहा मटेरियल व मिक्सचर का कोई अनुपात सही नहीं है। वहीं एकरारनामा को दरकिनार करते हुये 10 की जगह आठ एमएम का सरिया लगाया जा रहा है। बीम ढलाई में वेब्रेटिंग मशीन का उपयोग भी नहीं किया जा रहा है। बीडीओ ने साईड निरीक्षण के बाद सारी कमियों को दूर कर आगे की कार्रवाई करने की बातें कही थी। लेकिन उनके हटते ही कनीय अभियंता की बिना उपस्थिति में ही ढलाई करवा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जांच कर दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कि गयी तो उग्र आंदोलन करने के परहेज नहीं किया जायेगा।

## अनुमंडल स्तरीय भाषण एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

# समृद्धि प्रशांत सहाय ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनुमंडल स्तरीय भाषण एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्लस टू हाईस्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रुप ए में भाषण प्रतियोगिता में अनु कुमारी अध्ययन केंद्र कोचिंग सेंटर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ग्रुप बी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के अक्षिता द्विवेदी ने द्वितीय, ग्रुप सी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के समृद्धि प्रशांत सहाय एवं ग्रुप डी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल



भवनाथपुर के सोनम तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रश्नमंच प्रतियोगिता में ग्रुप ए में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप की सुमित द्विवेदी, सुधांशु शुक्ला, दिव्यांश पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि उपविजेता मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय नगर ऊंटारी के रिशु कुमारी, अर्चना कुमारी, ब्यूटी कुमारी ने प्राप्त किया। जबकि ग्रुप बी में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के उत्सव तिवारी, शुभ आदित्य, हंसराज ने प्रथम जबकि उपविजेता सरस्वती विद्या मंदिर नगर ऊंटारी के जयेश कुमार, कुमार आर्यन, अमलेश कुमार लाल ने स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में गुरुकुल पब्लिक स्कूल के उत्कर्ष चौबे, विपुल राज, आर्यन पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि उपविजेता आर के पब्लिक स्कूल अधौरा एवं डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप संयुक्त रूप से प्राप्त किया। जिसमें चंद्रशेखर पाठक, शौर्य प्रताप देव, आदर्श जायसवाल, रिजवान अली, समृद्धि प्रशांत सहाय, अंश कुमार राय के नाम शामिल हैं। जबकि ग्रुप डी में सरस्वती विद्या मंदिर के आर्यन कुमार, मयंक कुमार विजेता। जबकि डीएवी के माधव माहेश्वरी, आयुष कुमार दुबे, बिक्रम सिंह उप विजेता बने। निर्णायक मंडल में शिवनारायण चौबे, विंध्याचल शुक्ल, गदाधर पांडेय, हृदयानंद प्रसाद, दिनेश कुमार शुक्ल, कमलेश कुमार पांडेय, आशिक कुमार सिंह, राजनाथ राम, ब्रजेश चौबे अधिवक्ता ने प्रश्नमंच का संचालन किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश कुमार पांडेय एवं देव शंकर प्रसाद ने किया। उक्त अवसर पर प्रतीक कुमार पांडेय, बजेंद्र कुमार, नेहा कुमारी, नंदलाल पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### धुरकी के मुखिया संघ ने की ग्रामीण विकास विभाग मंत्री से मुलाकात



**धुरकी :** धुरकी मुखिया संघ ने ग्रामीण विकास विभाग सह पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान धुरकी मुखिया संघ अध्यक्ष एवं मुखिया प्रतिनिधि ने प्रखंड की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि ने वर्तमान में रोक लगे योजनाओं को चालू करने की भी मांग की। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय ने सभी मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि को भरोसा दिलाया कि उनके कार्य को सकारात्मक रूप से किया जायेगा। औपचारिक मुलाकात में प्रखंड के मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया। मौके पर गनियारी कला पंचायत मुखिया शंभु प्रसाद गुप्ता, रक्सी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण बैठा, खुटिया मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान, भंडार मुखिया रघुनाथ सिंह, खाला मुखिया प्रतिनिधि साबिर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया जागरूकता शिविर



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में बुधवार को शहर के गोविंद उच्च विद्यालय में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी संगीता सिन्हा ने बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, डायन प्रथा समेत अन्य कानूनी जानकारी दी। वहीं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, नशाखोरी, समेत सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक में झंडोतोलन का निर्णय




**गढ़वा :** बाजार समिति व्यवसायी संघ की बैठक बाजार परिसर स्थित दुर्गा मंडप के समीप संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। संघ के सदस्यों ने बताया कि पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सुबह 11:30 बजे झंडोत्तोलन करेंगे। बैठक में सभी व्यवसायियों से विचार करने के बाद निर्णय लिया गया कि आगामी एक फरवरी से कोई भी गेट पर किसी प्रकार का शुल्क नहीं दिया जायेगा। बैठक में संघ के सदस्य समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रमुख ने सोना सोबरन साड़ी कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**विश्रामपुर :** पांडू प्रखंड के डाला कला पंचायत के झरना खुद जनवितरण प्रणाली की दुकान पर झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी धोती वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन बुधवार को किया गया। प्रमुख नीतू सिंह ने लाभुकों के बीच धोती साड़ी वितरित करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीबों के लिये मात्र 10-10 रुपये में साड़ी-धोती उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि सूबे के गरीब लोग को भी अपने तन ढकने के लिये किसी परेशानी का सामना करना नहीं पड़े। झामुमो की सरकार हमेशा गरीबों का ध्यान रखती है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता सिंटू सिंह, पीडीएस डीलर अशोक सिंह, गीता देवी, प्रमिला देवी, रामस्वरूप पासवान, सोमारू राम, राम निवास शर्मा, विजय सिंह आदि लाभुक उपस्थित थे।




## शाहिद-दीपिका-रणवीर की 'पद्मावत' 24 को सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होगी

फिल्म 'पद्मावत' 2018 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'पद्मावत' का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अब उन लोगों के लिए अच्छी खबर है, जो 2018 में 'पद्मावत' सिनेमाघरों में नहीं देख पाए। 'पद्मावत' फिल्म एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। भंसाली प्रोडक्शंस ने फिल्म की दोबारा रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। वॉयकॉम 18 स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। निमार्ता और निर्देशक फिल्म 'पद्मावत' को दोबारा रिलीज करने की तैयारी में हैं। 'पद्मावत' 24 जनवरी को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होगी। फिल्म 'पद्मावत' में दीपिका पादुकोन ने रानी पद्मावती का किरदार निभा रही हैं रणवीर सिंह ने अलाउद्दीन खिलजी और शाहिद कपूर राजा रावल रतन सिंह का किरदार निभाया था। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' को आज भी सराहा जाता है। फिल्म में भंसाली के गाने, कहानी, स्क्रीनप्ले, डायरेक्शन जैसी सभी चीजों की सराहना की गई।

## हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर दिखीं रश्मिका मंदाना




साउथ के साथ-साथ हिंदी इंडस्ट्री में भी रश्मिका मंदाना ने अपना दबदबा बनाया है। उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पा' की वजह से उनकी किस्मत बदल गई। फिल्म में 'श्रीवल्ली' के किरदार से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली। उसके बाद उनकी बॉलीवुड एंट्री हो गई है। फिलहाल वह दोनों इंडस्ट्री में आगे हैं। 'एनिमल' के बाद उनके पास फिल्मों की कतार लग गई है। इस सभी व्यस्त कार्यक्रम के बीच रश्मिका को जिम में गंभीर चोट लग गई। उनके पैर में फ्रैक्चर है और हाल ही में उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर व्हीलचेयर पर देखा गया था। कभी एयरपोर्ट पर पैपराजी को मीठी मुस्कान देने वालीं रश्मिका आज अलग नजर आ रही थीं। वह गुलाबी चेक स्वेटशर्ट, नीली जींस, सर पर टोपी और चेहरे पर मास्क पहनकर कार से बाहर निकलीं। वह लंगड़ाते हुए सामने रखी व्हीलचेयर पर बैठी। व्हीलचेयर पर बैठकर उन्होंने अपना सर नीचे रखा और कैमरे की तरफ देखने की बजाय सिर्फ मोबाइल फोन की तरफ देखती रहीं। रश्मिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नेटिजन्स ने वीडियो पर 'ओवरएक्टिंग' जैसा कमेंट किया है। फैंस ने उनके ठीक होने की दुआ की है। रश्मिका आने वाली फिल्म 'छावा' में नजर आएंगी। फिल्म का भव्य ट्रेलर आज लॉन्च किया जाएगा। फिल्म में विक्की कौशल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। रश्मिका मंदाना सलमान खान के साथ 'सिकंदर' की शूटिंग में भी व्यस्त थीं।



महाकुम्भ मेला क्षेत्र में बने कलाग्राम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेती कलाकार

# गाय के मूत्र से लाभ का मुद्दा गरमाया

### कई प्रमुख वैज्ञानिकों ने किया प्रो कामकोटि का बचाव




**चेन्नई।** गोमूत्र को लेकर आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी कामकोटि के दावों के बाद राज्य में यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम, थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम (टीपीडीके) ने कामकोटि के इस दावे को छद्म विज्ञान और शर्मनाक बताया। टीपीडीके ने कामकोटि से दावे के सबूत देने अन्यथा माफी मांगने की मांग की है। इसके बाद डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार डॉ. आरएस चौहान, सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ. एसपीएस खानुजा, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई, भाजपा नेता तमिलिसाई सौंदर्यराजन और जोहा कंपनी के सीईओ श्रीधर वेम्बू सहित कई प्रमुख लोग प्रोफेसर कामकोटि के बचाव में उतर आए हैं।

दरअसल, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने ₹माट पोंगल₹ के दिन ₹गो संरक्षण शाला₹ में गायों की देसी नस्लों की रक्षा और जैविक खेती के महत्व पर अपने विचार रखने के दौरान एक वैज्ञानिक शोध का हवाला देते हुए कहा कि गोमूत्र में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और पाचन गुण होते हैं। वी. कामकोटि ने गोमूत्र के औषधीय मूल्य की प्रशंसा करते हुए उस संन्यासी के बारे में किस्सा सुनाया, जिसने गोमूत्र का सेवन कर-के तेज बुखार को ठीक किया था।

आईआईटी मद्रास के निदेशक का यह बयान राजनीतिक गलियारे में विवाद का विषय बन गया है। इस मामले में गोमूत्र अनुसंधान के प्रमुख अन्वेषक रहे व पंतनगर के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरएस चौहान ने आईआईटी मद्रास के निदेशक के दावे का समर्थन किया। डॉ. चौहान डब्ल्यूएचओ के पूर्व सलाहकार और आईवीआरआई, बरेली के निदेशक रह चुके हैं। जिन्होंने पंचगव्य उपचार प्रणाली के लिए काउपैथी नमक शब्द गढ़े। इस मामले में सीएसआईआर-सीआईएमएपी के पूर्व निदेशक डॉ. एसपीएस खानुजा ने भी कामकोटि के दावों का समर्थन किया। डॉ. एसपीएस खानुजा ने विश्व में पहली बार वर्ष 2000 में गोमूत्र में कैंसर-रोधी गुणों की महत्वपूर्ण खोज में भूमिका निभाई थी। बाद में इसका अमेरिकन पेटेंट कराया था। डॉ. खानुजा ने सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक डॉक्टर आरए माशेलकर की मार्गदर्शन में किए गए शोध में पाया कि गोमूत्र की कैंसर-रोधी गतिविधि गैलिक एसिड डेरिवेटिव के कारण होती है। इससे पहले आईआईटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि के दावों पर कांग्रेस नेता कार्ति पी चिदंबरम ने निंदा करते हुए कहा कि आईआइटी मद्रास के निदेशक का छद्म विज्ञान का प्रचार करना अनुचित है। थानथाई पेरियार द्रविड़ कझगम ने भी गोमूत्र से लाभ की बात की निंदा की। टीपीडीके के नेता रामकृष्णन ने कहा कि यह सच्चाई के खिलाफ और शर्मनाक है। रामकृष्णन ने कहा कि कामकोटि को अपने दावे के लिए सबूत देने चाहिए या उन्हें माफी मांगनी चाहिए। अगर वे माफी नहीं मांगते हैं तो हम उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

प्रोफेसर कामकोटि के दावों ने राज्य में एक विवाद को जन्म दिया है। आलोचकों ने कामकोटि के दावों को छद्म विज्ञान बताकर खारिज कर दिया। प्रोफेसर कामकोटि का बचाव करते हुए सभी ने यह माना है कि भारत आज पारंपरिक तथा आधुनिक विज्ञान के ज्ञान प्रणाली का मूल्य को पहचान रहा है। इस दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों के किए गए अनुसंधान में गोमूत्र के लाभ को बताया जा रहा है। प्रोफेसर कामकोटि गोमूत्र के औषधीय मूल्य का समर्थन करने वाले वैज्ञानिक पत्रों का हवाला दे रहे हैं। इस वैज्ञानिक अध्ययन के मुद्दे ने भले ही एक नया विवाद को जन्म दिया हो लेकिन अब यह पूरा मामला राजनीतिक मुद्दा बन गया है। इस विवाद से गोमूत्र के गुणों की सच्चाई धीरे-धीरे सामने आ रही है।

## गुलमर्ग में आएगा बर्फबारी का एक और दौर

**श्रीनगर।** कश्मीर के प्रसिद्ध स्की



रिसॉर्ट गुलमर्ग में बर्फबारी का एक और दौर आया, जबकि पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ मैदानी इलाकों में बारिश भी हुई। 23 जनवरी को मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और जम्मू और कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी का एक और दौर होने का अनुमान है। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि चिनाब घाटी और पीर पंजाल रेंज के ऊंचे इलाकों सहित जम्मू और कश्मीर के कई इलाकों में बुधवार को हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है। 24 से 28 जनवरी तक मौसम अधिकतर शुष्क रहने का अनुमान है। हालांकि, 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में 11.2 मिमी बर्फबारी हुई, जिससे वहां रहने वाले पर्यटक काफी खुश हुए। कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में हल्की बारिश भी हुई। गुलमर्ग को छोड़कर घाटी के सभी मौसम केंद्रों में रात का तापमान बढ़ता रहा और मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात को सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। सोमवार को भी गुलमर्ग और कुपवाड़ा को छोड़कर कई मौसम केंद्रों पर दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया।

Hit लिस्ट

## रेलवे क्लेम घोटाले में पटना समेत पांच ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे क्लेम घोटाला मामले में बुधवार को बिहार के पटना और नालंदा समेत देश के पांच स्थानों पर छापेमारी की है। पटना और नालंदा के




अलावा बेंगलुरु में भी ईडी की छोपमारी चल रही है। पटना में तीन, नालंदा में एक और बेंगलुरु में एक स्थान पर छापेमारी चल रही है। रेलवे क्लेम घोटाला 100 करोड़ से अधिक का माना जा रहा है। यह घोटाला रेलवे कर्मचारियों के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे किया गया है। ईडी इस मामले में कई न्यायिक अधिकारियों, वकीलों और सरकारी कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर रही है। खासकर, रेलवे न्यायिक अधिकारी रहे आरके मित्तल और वकील बीएन सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

### नीति निर्माण के लिए प्रशिक्षित लोगों की जरूरत : उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि



देश में हमारे पास मौलिक अधिकार हैं, जो हमें न्यायपालिका तक पहुंचने का अधिकार देता है लेकिन पिछले कुछ दशक में इसे दूसरी तरह का हथियार बना लिया गया है, जो शासन व्यवस्था व लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए बड़ी चुनौती है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को अपने आवास पर भारतीय लोकतांत्रिक नेतृत्व संस्थान (आईआईडीएल) के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हर दिन आप देखते हैं कि सलाहें जारी की जा रही हैं, कार्यकारी कार्य ऐसे निकायों कर रहे हैं जिनके पास उन्हें करने का कोई अधिकार क्षेत्र या न्यायिक अधिकार अथवा क्षमता नहीं है।

### पहले टी20 मैच में भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया, अभिषेक शर्मा ने खेली विस्फोटक पारी

# शर्मा ने 34 गेंदों पर बनाये 79 रन, 8 छक्के व 5 चौके लगाये



**कोलकाता।** भारत ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टी20 मैच में इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा दिया है। टीम इंडिया के लिए अभिषेक शर्मा ने 79 रनों की विस्फोटक पारी खेली। भारत ने इस जीत के साथ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। इंग्लिश बल्लेबाजों को फिरकी के चक्कर में फंसाने वाले वरुण चक्रवर्ती को 23 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इंग्लैंड की ओर से मिले 133 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने शानदार शुरूआत दिलायी। सैमसन 26 रन बनाकर आउट हुए। जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल पाए। इस बीच अभिषेक का कमाल जारी रहा और उन्होंने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाया। वो 34 गेंदों में 79 रन बनाकर आउट हुए। उसके बाद तिलक वर्मा 19 रन और हार्दिक पांड्या 3 रन पर नाबाद रहे। भारत ने 43 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट चटकाए जबकि आदिल रशीद को एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवरों में दस विकेट खोकर 132 रन बनाए। टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। ओपनर फिल साल्ट जीरो पर आउट हुए जबकि बेन डकेट 4 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि कप्तान जोस बटलर ने एक तरफ से मोर्चा संभाले रहा और 68 रन की शानदार पारी खेली। उनके अलावा, हैरी ब्रूक ने 17 रन और आर्चर ने 12 रन का योगदान दिया। इनके अलावा इंग्लैंड का कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। जबकि अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या के खाते में दो-दो विकेट आये। अर्शदीप के नाम दर्ज हुआ खास रिकॉर्ड अर्शदीप सिंह ने कोलकाता में 2 विकेट लेकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। वे भारत के लिए सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अभी तक 97 विकेट लिए हैं। इससे पहले स्पिनर युजवेंद्र चहल (96 विकेट) के नाम यह रिकॉर्ड था। दिलचस्प बात यह है कि अर्शदीप ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू के बाद 35 बार सलामी बल्लेबाजों को आउट किया है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)